मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 49, मुंबई, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI
★ मोतीचूर लड्डू ★ बदाम बर्फी
★ काजू कतली ★ मलाई पेड़े
★ काजू रोल ★ रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

**रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024**

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा तीसवां (30)
10 अप्रैल 2024 बुधवार

खत्मे शहरी : 5:00 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:56 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से निजात पाने का होता है।

# न राज्यसभा, न विधान परिषद...

## आखिर क्यों एनडीए को सपोर्ट कर रहे हैं राज ठाकरे?



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बिना शर्त समर्थन दिया है। ठाकरे ने कहा है कि ये समर्थन उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व को देखते हुए दिया है। मनसे पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिना शर्त समर्थन दे रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### एकनाथ शिंदे ने मनसे के फैसले का किया स्वागत

रैली को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा, देश के उज्वल भविष्य के लिए आनेवाले कुछ वर्षों में देश को एक गंभीर नेतृत्व की जरूरत है इसलिए मैंने कहा कि मुझे उनसे कोई भी अपेक्षा नहीं है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना महाराष्ट्र में बीजेपी, शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी को समर्थन की घोषणा करता हूं। सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी के लिए। मैं मेरे महाराष्ट्र के शिवसैनिकों को बस इतना ही कहूंगा कि अब सभी विधानसभा की तैयारियों के लिए जुट जाएं। राज ठाकरे ने कहा, मुंबई में जब मैं मुख्यमंत्री के साथ और देवेंद्र फडणवीस के साथ चर्चा करने बैठा था तो मैं उनसे कहा कि मुझे सीट बंटवारे की झंझट में मत डालो। मैंने उनको कहा कि मुझे राज्यसभा भी नहीं चाहिए और विधान परिषद भी नहीं चाहिए, लेकिन इस देश को एक अच्छे नेतृत्व की जरूरत है। मुझे उनसे उम्मीद है, लेकिन अगर वह मेरी उम्मीद पर खरे नहीं उतरे तो राज ठाकरे का मुंह फिर से खुलेगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनसे द्वारा समर्थन पर कहा, मैं उनका तहे दिल से स्वागत करता हूं।

# Delhi CM जेल में ही रहेंगे बंद

## दिल्ली शराब घोटाले में शामिल है अरविंद केजरीवाल, हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिल्ली शराब घोटाले मामले में आरोपों का सामना कर रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर मंगलवार दोपहर 3.15 बजे दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने से इंकार कर दिया। सीएम केजरीवाल ने अपनी याचिका के जरिए अपनी गिरफ्तारी और ईडी के रिमांड का विरोध किया है। बता दें कि कथित शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



***केजरीवाल घोटाले में शामिल***

*बता दें कि ईडी और अरविंद केजरीवाल दोनों तरफ की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा अपना फैसला सुनाया। जज ने अपने फैसला सुनाते हुए कहा कि केजरीवाल घोटाले में शामिल है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केजरीवाल ने जमानत के लिए अपनी याचिका दायर नहीं किया था।*

# महाराष्ट्र में कांग्रेस होगी 0 पर आउट

## मुंह छिपाएंगे नेता, संजय निरुपम का दावा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व फायरब्रांड नेता संजय निरुपम का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस जीरो पर आउट होगी। हालांकि फायरब्रांड नेता के लगातार पार्टी के खिलाफ हमलावर रहने की वजह से पार्टी ने उन्हें 3 अप्रैल को 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में निरुपम के शामिल होने के आरोप में उन्हें निष्कासित कर दिया था। संजय निरुपम का अब एक कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में कांग्रेस ने दो सीटें जीती थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# कुएं में गिरी बिल्ली को बचाने उतरा परिवार

## 5 लोगों की हो गई मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। अहमदनगर जिले के नेवासा ब्लॉक के वकाडी गांव में एक पालतू बिल्ली सूखे कुएं में गिर गई। इस बिल्ली को बचाने के लिए परिवार के पांच लोग कुएं उतरे और सभी की जान चली गई। इस घटना के बाद से स्थानीय प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। अहमदनगर जिला प्रशासन की बचाव टीम को मौके पर भेजा गया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### किसी बहाने सही घोषणापत्र की चर्चा तो हुई

**भारत** के चुनावों में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज वह होता है, जिस पर महात्मा गांधी की फोटो होती है और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के दस्तखत होते है। इसी तरह सबसे कम महत्वपूर्ण दस्तावेज वह होता है, जिसे घोषणापत्र कहा जाता है। इसे बनाने वाला, जारी करने वाला और पढ़ने वाला कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। यह हर भारतीय घरों में लाल कपड़े में लपेट कर रखी गई धार्मिक पोथियों की तरह होता है, जिसे माथे तो सभी लगाते हैं लेकिन पढ़ता कोई नहीं है। अगर गलती से कोई पढ़ भी ले उसकी बातों पर अमल नहीं करता है। कई बार तो पार्टियों के बड़े नेताओं तक को पता नहीं होता है कि उनकी पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति ने उसमें क्या क्या लिखा है या क्या क्या ऊंचे वादे किए हैं। चुनाव घोषणापत्र अगर वास्तव में महत्व का दस्तावेज होता तो इस बार के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी उसे कब का जारी कर चुकी होती। पहले चरण की 102 सीटों के लिए चुनाव प्रचार समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। सिर्फ एक हफ्ते बचे हैं और अभी तक घोषणापत्र जारी नहीं हुआ है। ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियों ने भी कोई घोषणापत्र जारी नहीं किया है। इसके उलट उम्मीदवारों की मदद के लिए भेजे जा रहे करोड़ों रुपए पकड़े जाने लगे हैं। बहरहाल, कांग्रेस पार्टी ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी किया और उसके बाद से किसी न किसी बहाने उसकी चर्चा हो रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हर सभा में इसका जिक्र कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की पूरी छाप है। उनकी इस बात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी दोहराया है। हाल ही में कांग्रेस से निष्कासित आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक कदम आगे बढ़ कर कहा कि यह महात्मा गांधी का नहीं, बल्कि मोहम्मद अली जिन्ना का घोषणापत्र है। इस तरह कांग्रेस का घोषणापत्र कांग्रेस के खिलाफ प्रचार के लिए इस्तेमाल हो रहा है। हालांकि कोई 45 पन्नों और साढ़े तीन सौ वादों वाले घोषणापत्र में प्रत्यक्ष रूप से कोई ऐसी बात नहीं है, जिसके बारे में कहा जाए कि यह मुस्लिम लीग या जिन्ना के विचारों पर आधारित है। यह मुद्दा उठाने वाले किसी नेता ने कोई खास वादा निकाल कर बताया भी नहीं है कि अमुक वादा मुस्लिम लीग की तरह का है। जेपी नड्डा ने जरूर यह कहा कि कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को पहनावे, खान-पान और पर्सनल लॉ की गारंटी दी है। लेकिन यह तो मुस्लिम लीग के विचार की तरह या देश का विभाजन कराने वाली बात नहीं है। जब तक देश में सबके लिए एक कानून लागू नहीं होता है तब तक सभी धर्मों को अपनी धार्मिक व पारंपरिक मान्यताओं को मानने की आजादी है। इसलिए वह मुद्दा ही नहीं है, जो भाजपा बना रही है। असल में वह चुनाव प्रचार के बीच गर्मी लाने और रामनवमी के दो दिन बाद होने वाले पहले चरण के मतदान में मुस्लिम लीग, जिन्ना, पाकिस्तान, पीएफआई आदि का नाम लेकर ध्रुवीकरण कराने की कोशिश कर रही है। कायदे से कांग्रेस को इस जाल में नहीं फंसना चाहिए था। लेकिन चुनाव की गरमा गरमी में पार्टियां हर छोटी बड़ी बात पर प्रतिक्रिया देती हैं। तभी मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर जयराम रमेश तक प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बातों पर जवाब दे रहे हैं और इस बहाने कांग्रेस के घोषणापत्र की खूब चर्चा हो रही है।

## रमजान विशेष प्रस्तुति श्रृंखला 24

# रोजे का इनाम है ईद

**ईद उल फितर** का ताल्लुक रमजान मुबारक से है ईद उल फितर रमजान के रोजे पूरे करने पर जो की एक बड़ी इबादत है की खुशी के शकल में और अल्लाह का शुक्र अदा करने के लिए मनाई जाती है और आबादी से बाहर ईदगाह में दो रकात नमाज वाजिद अदा की जाती है क्योंकि उसी अल्लाह की मेहरबानी से रोजे की बड़ी इबादत पूरी हुई है। ईद के दिन अल्लाह इनाम के तौर पर अपने रोजदार बंदों को जन्नहम से आजादी अता फरमाता है। साल के 11 महीने के बाद जब 30 दिन का रमजान मुबारक आता है तब पूरी दुनिया में फैले मुसलमान अपने अपने मुल्क वतन में एक अल्लाह की इबादत और बंदगी में और भी अकीदत के साथ लग जाते हैं। रमजान मुबारक में सुबह से शाम तक रोजा रखने का हुक्म दिया गया है ताकि इंसान के अंदर तकवा आत्मसायम परहेजगारी ईशपरायण धर्मपरायण उच्च चरित्र पैदा हो और गरीब मोहताज अनाथ लाचार भूको प्यसो के लिए हमदर्दी पैदा हो और वह उनके दुख दर्द को महसूस कर सके इसके साथ ही इस्लाम समाज के निर्धन वर्ग को आर्थिक विपन्नता उभारने के लिए के लिए संपन्न मुसलमान पर जकात खैर खैरात सदका सदकए फित्र की व्यवस्था दी है इसके द्वारा इस्लाम सामाजिक न्याय का व्यावहारिक व आर्थिक उदाहरण प्रस्तुत करता है। जकात से धन संपत्ति पवित्र होती है और इंसान अल्लाह का कृपा पात्र बनता है। जकात साल में एक बार अपनी जमा संपत्ति पर लाभ पर साल पूरा होने पर ढाई प्रतिशत जकात (आर्थिक सहयोग) सबसे पहले अपने घर परिवार खानदान उसके बाद मोहल्ला पड़ोस के गरीबों को अदा करना अनिवार्य हैं और खैर खैरात स्वेचछा से से जब चाहे देते रहे फित्र अरबी भाषा का शब्द है इसका अर्थ है रोजा खोलने का है अल्लाह ने अपने संपन्न बंदों पर एक सदका दान सदकए फित्र निश्चित किया है जो कि वाजिब है



कि रमजान के रोजे पूरा हो जाने और आखरी रोजा खुल जाने की खुशी में अल्लाह के शुक्र के तौर पर अदा करें इसी कारण इस दिन को ईद उल फित्र कहा जाता है। एक व्यक्ति का सदकए फित्र दो किलो 45 ग्राम गेहूं अच्छी मात्रा का जो की शरियत के अनुसार स्वयं इस्तेमाल करता हूं अपना और अपने अवश्यक बच्चों की तरफ से अदा करें या उसकी कीमत दे। वर्तमान में 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत 70 होती अदा करें सदकए फित्र ईद की नमाज से पहले अदा करने का हुकम दिया गया है ताकि कोई भी गरीब ईद की खुशी से महरूम ना रहे। सदकए फित्र से रोजे में जो फिजूल फालतू बाते हो जाती है उसका वह प्रायश्चित हो जाता है और गरीबों को खाने पीने की व्यवस्था हो जाती है। जो लोग सदकए फित्र अदा नही करते तो उनके रोजे नमाजे और दूसरी इबादत अल्लाह के कबूल नहीं होती है बीच में रह जाती है। जकात हर संपन्न मुसलमान पर निकलना अनिवार्य है जिसके पास साढे 7 तोला सोना ( 87 ग्राम) या साढे 52 तोला चांदी(612 ग्राम) या इनमें से किसी एक की कीमत के बकदर नगद और इसी कदर माले तिजारत व्यापार पर एक साल की मुद्दत गुजरने पर ढाई प्रतिशत हिसाब से जकात की अदाएगी फर्ज अनिवार्य हैं। अपने मालू दौलत रुपया पैसा को व्यापार में लगे ताकि बड़े ना कि घटे। हजरत अबू हुरैरा रजि. से रिवायत है कि अल्लाह के आखिरी नबी रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का फरमान है कि विधवा व गरीबों के लिए भाग दौड़ करने वाला अल्लाह की राह में भाग दौड़ करने वालों की तरह है मेरा ख्याल है कि आपने यह भी फरमाया कि वह रात को जाकर इबादत करने वालों की तरह है जो कभी नहीं थकता और उस शख्स की तरह जो हमेशा रोजे से रहता है (हदीस) पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जो लोगों पर रहम नहीं करता अल्लाह उस पर रहम नहीं करता है कि जो मुसलमान पेट भर खाए और उसका पड़ोसी भूखा रह जाए तो वह मुसलमान नहीं। जो अपने लिए पसंद करें वही अपने भाई के लिए पसंद ना करें तो वह भी मुसलमान नहीं (हदीस) पैगंबर इस्लाम इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जब ईद का दिन आता है तो अल्लाह के फरिश्ते तमाम रास्तों के नुक्कड़ पर खड़े हो जाते हैं और कहते हैं मुसलमान रब के के पास चलो जो बड़ा ही रहीम है जो नेकी और भलाई की बातें बताता है और उस पर अमल करने की तौफीक अता फरमाता है फिर उस पर भारी इनाम देता है तुम्हें उसकी ओर से पैगंबर इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जरिए तराबीह पढ़ने का हुक्म मिला तो तुमने तराबीह पढ़ी और दिन में रोजे रखने हुक्म दिया गया तो तुमने रोजे रखे और अपने रब की आज्ञा पालन कि तो अब चलो अपना इनाम भी ले लो और जब लोग ईद की नमाज से फुर्सत हो जाते हैं तो अल्लाह के फरिश्ते ऐलान करते हैं लोगों तुम्हारे रब ने तुम्हारी बख्शीश फरमा दी पस तुम अपने घरों को इस हाल मे वापस जाओ की हिदायत की राह पर चलने वाले रहना बंदे बनकर जिंदगी गुजारना यह ईद का दिन है इनाम का दिन है। इसे तो दुनिया में ईद के दिन कहा जाता है पर आसमानी दुनिया में फरिश्तों की दुनिया में इसको इनाम का दिन कहा जाता है ईदगाह जाते समय और आते समय या कलमा पढ़ते रहे जिसके पढ़ने से काफी सवाब मिलता है। जिससे अल्लाह की बड़ाई का ऐलान होता है वह कलमा यह है कि अल्लाह हु अकबर अल्लाह हु अकबर ला इलाहा इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर व लिल्लाहिल हम्द - अनुवाद अल्लाह ही बड़ा है अल्लाह ही बड़ा है अल्लाह की सिवा कोई पूजनीय नहीं तमाम तारीफ में उसी के लिए है। सभी भाइयों बहनों की ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद आप सभी को मैं बताते चालू की मुझको बड़ी चाहत से मोहब्बत से मेरी परवरिश करने वाली मुझे दीन ईमान का इस्लाम का इल्म देने वाली मेरे मम्मी अब्बू के लिए भी आप लोग खुशूसी दुआ फरमाए की अल्लाह मेरी अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और मेरे अब्बू जनाब बाबू खान कादरी रहमतुल्लाह अलैह इन कि बख्शीश और मगफिरत फरमाकर और उनकी कब्रों को नूर कि अंजुमन बनाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और उन्हें कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से और मैदाने महशर पुलसिरात की तकलीफों से इनकी हिफाजत फरमाकर अपना अमन और सलामती अता फरमाए बदले के दिन उन्हे में जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और मुझ गुनहगार की कमी और खताओं को माफ फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

**-साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# समोसे में निकला कंडोम, गुटखा और पत्थर... टाटा मोटर्स की कैंटीन में चौंकाने वाली घटना, 5 लोगों पर एफआईआर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में हैरान करने वाली घटना घटी है। पिंपरी-चिंचवड शहर में टाटा मोटर्स कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की कैंटीन में परोसे गए समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर जैसी चीजें मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चिखली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि 27 मार्च को टाटा मोटर्स के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की कैंटीन में परोसे गए समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर जैसी कुछ हानिकारक वस्तुएं मिलीं। जांच में पता चला कि कैंटीन में कैटलिस्ट सर्विस सॉल्यूशंस कंपनी द्वारा स्नैक्स की सप्लाई की जाती है। उक्त कंपनी ने मामले का संज्ञान लिया है। उन समोसों की सप्लाई मनोहर इंटरप्राइजेज ने कैटलिस्ट सर्विस सॉल्यूशंस को की थी। पुलिस अधिकारी ने



बताया कि शनिवार को दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी को आपूर्ति किए गए समोसे में कथित तौर पर कंडोम, गुटखा और पत्थर पाए जाने के बाद पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि मनोहर इंटरप्राइजेज के दो कर्मचारियों ने समोसे में आपत्तिजनक चीजें भरीं.. 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। चिखली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि घटना के बारे में मनोहर एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों से पूछताछ की गई, तो पता चला कि फिरोज शेख और विक्की शेख नाम के दो कर्मचारियों ने कथित तौर पर समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर भरे थे। जिसके बाद आईपीसी की धारा 328 और 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एसआरए एंटरप्राइजेज के कर्मचारी हैं और उन्हें इसी काम के लिए मनोहर एंटरप्राइजेज में भेजा गया था। पुलिस के मुताबिक, दरअसल एसआरए एंटरप्राइजेज को दिया गया कांट्रैक्ट छीन लिया गया था क्योंकि उनके द्वारा आपूर्ति किए गए नाश्ते में बैंडेज मिला था। फिर मनोहर एंटरप्राइजेज को कांट्रैक्ट मिला। इसलिए एसआरए एंटरप्राइजेज के पार्टनर रहीम शेख, अजहर शेख और मजहर शेख मनोहर एंटरप्राइजेज को बदनाम करना चाहते थे। तीनों ने यह साजिश रची।

# बोईसर शहर में इफ्तार पार्टी में शामिल हुई भारती कामड़ी

**पालघर।** बोईसर शहर में इफ्तार पार्टी का आयोजन अवधनगर के क्रिस्टल कंपाउंड में किया गया था जिसमे शहर के कई बड़े राजनेता दिखाई दिए आप को बता दे के इफ्तार पार्टी में भरती कामडी भी नजर आई लोगो ने उनका जम कर स्वागत किया जिसके बाद सभी ने मिल कर साथ में इफ्तार कर के इफ्तार पार्टी को संपन्न किए। इस कार्यक्रम में भारती कामड़ी सहित जगदीश धोडी, आनंद धोड़ी, मुकेश पाटिल,नीलम संखे, पल्ली ठाकुर, अशोक वड़े, मुकर्रम खान, वसीम चौधरी, खलील सिद्दीकी, मौलाना जियाउलहक चौधरी, संजय पाटिल, राजू जाधव अन्य राजनेता सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शिवाजी नगर में ईद की नमाज 11 को

**जलगाँव।** मुस्लिम समुदाय के लोग 11 अप्रैल सुबह 8:15 बजे शिवाजी नगर के मुस्लिम कब्रिस्तान में ईद की नमाज अदा करेंगे। हालांकि, शिवाजी नगर के सभी मुस्लिम समाज के लोगो ने बयान दिया है कि ईद की नमाज मुफ्ती अबुजर नदीम साहब की इमामत में खुदबा शिवाजी नगर बाबा हजरत बिलाल मुस्लिम कब्रिस्तान में सुबह 7:45 बजे होगी। उन्होंने मुफ्ती अतीकुर रहमान से पूछकर उनसे ईद की नमाज के लिए इजाजत (फतवा) ले ली है। हालाँकि, शिवाजी नगर मुस्लिम कब्रिस्तान और ईदगाह ट्रस्ट के प्रबंधक, हजरत बिलाल रजि.ट्रस्ट ने उन नागरिकों को चुनौती दी है जो यहां ईद की नमाज अदा करना चाहते हैं, वे घर से ही वजू करें।



# जय प्रकाश पवार को समाज भूषण पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रायगढ़।** प्रेस संपादक एवं पत्रकार सेवा संघ महाराष्ट्र प्रदेश के कोंकण क्षेत्र अध्यक्ष, साप्ताहिक जननेता के सह संपादक, सत्या पुलिस टाइम्स के जिला प्रतिनिधि, एमआई नागरिक फाउंडेशन कराड के उपाध्यक्ष, केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय भारत के राष्ट्रपति जय प्रकाश पवार को मुंबई में अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में समाज भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले समूह के कोंकण क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश मोरे के 67वें अभिश्चिंतन समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया था। जय प्रकाश पवार डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के महान कार्यों के प्रति समर्पित हैं और लगातार सामाजिक,



सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षिक, त्याग और सेवा भावना के साथ काम करते हुए मूल्यवान कार्य कर रहे हैं और भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को संरक्षित कर रहे हैं। राष्ट्रीय एकता के लिए उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रेस संपादक और पत्रकार सेवा संघ के कोंकण अध्यक्ष जय प्रकाश पवार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। टी। अंबेगवे, मंत्रालय एवं विधानमंडल प्रमुख पंडित मोहिते-पाटिल राज्य महिला अध्यक्ष डॉ. सुधाताई कांबले, राज्य सांस्कृतिक प्रमुख प्रशांत विलंकर, राज्य उपाध्यक्ष पंकज वानखेड़े विनायक सोलसे, महेश जाधव, विशाल पवार, राज्य महासचिव संजीव भाम्बोर, राजू जाधव, दशरथ अडसूल, अशोक इंगवाले, साईनाथ जाधव, नवनाथ कपले, शमशुद्दीन शेख, महिला उपाध्यक्ष सविता चंद्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कांबले, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नितिन शिंदे, युवा कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत राजगुरु, विदर्भ अध्यक्ष केशव सावलकर, पश्चिम महाराष्ट्र अध्यक्ष सुभाष चिंधे, कार्यकारी अध्यक्ष शशिकांत पोरे, संपर्क प्रमुख जय कराडे, मराठवाड़ा महिला अध्यक्ष सुमती व्याहल्कर, कार्यकारी अध्यक्ष हुकुमत मुलानी, संपर्क प्रमुख आनंद भालेराव, आयोजक बापू गायकर, कोकण संपर्क प्रमुख संतोष वावल, कोकण महिला अध्यक्ष दीपिकाताई चिपलूनकर, कोकण आयोजक श्रीराम कदम, कोंकण उपाध्यक्ष योगेश भामरे, कोकण युवा अध्यक्ष सागर पवार, कानूनी सलाहकार एडवोकेट। अमोल साकत, एडवोकेट रत्नाकर पाटिल, एडवोकेट। जीतेन्द्र पाटिल, सलाहकार परेश जाधव, राज्य सलाहकार प्राचार्य डॉ. वसंत बिरादर, विट्ठल शिंदे, रायगढ़ जिला अध्यक्ष संतोष अमले, महाराष्ट्र के सभी जिला अध्यक्षों और तालुका पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### कुएं में गिरी बिल्ली को बचाने उतरा परिवार

आनन-फानन में सूखे कुएं से परिवार के शवों को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 5 बजे कुएं में पालतू बिल्ली के गिरने के बाद परिवार के लोग उसे बचाने के लिए, नीचे उतरे हुए थे। सूखे कुएं में जहरीली गैस फैली हुई थी। इस कारण जो भी शख्स नीचे उतर रहा था, वह ऊपर नहीं आ सका। परिवार के लोगों का हालचाल जानने के लिए और भी लोग नीचे उतरे और वह भी बाहर नहीं आ सके। नेवासा पुलिस स्टेशन के थाना इंचार्ज धनंजय जाधव ने कहा कि शवों को निकालने का काम बुधवार रात 12.30 बजे तक जारी रहा। जहां एक शव मंगलवार रात करीब 11 बजे निकाला गया, वहीं बाकी शवों को अगले डेढ़ घंटे में निकाल लिया गया। जाधव ने आगे कहा कि पीड़ितों में से एक 35 वर्षीय विजय माणिक काले को कुएं से जल्दी बाहर निकाल लिया गया। इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, कुएं में उतरे पीड़ितों तक ऑक्सीजन पहुंचने और अंदर से गंदगी निकालने के लिए अहमदनगर नगर निगम की टीम ने दो बड़े सक्शन पंप भी लगाए थे। इसके बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस होगी 0 पर आउट

वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2019 में कांग्रेस की एक सीट आई थी। संजय निरुपम ने 2024 लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार (उबाठा) ने कांग्रेस को भीख की तरह जो सीटें दी हैं, उस हिसाब से 2024 में कांग्रेस जीरो पर आउट होगी। साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर सामने आती खबरों पर चुटकी लेते हुए कहा कि इसलिए कई नेता मोबाइल ऑफ करके नॉट रिचेबल हो गए हैं। लोकसभा के पहला चरण के मतदान 19 अप्रैल को होने है और 4 जून को वोटों की गिनती होनी है। उस पर कांग्रेस पर तीखा तंज करते हुए निरुपम ने कहा कि 4 जून के बाद ये सब मुंह छुपाते फिरेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर विदेश दौरे भी नियोजित हो सकते हैं।

### न राज्यसभा, न विधान परिषद...

उन्होंने कहा कि अगर आपको याद हो तो बीजेपी से पहले, मैं पहला व्यक्ति था जिसने कहा था कि नरेंद्र मोदी भारत के पीएम बनें। 370 के लिए मैंने तारीफ की। मुझे कोई चीज पसंद आती है तो मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। यदि मुझे कोई चीज पसंद नहीं आती है तो मैं उसकी प्रशंसा नहीं करता हूं। गुड़ी पाड़वा के मौके पर मुंबई के शिवाजी पार्क में एमएनएस की रैली हुई। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने इस दौरान भाषण दिया। राज ठाकरे ने कहा कि महायुति को सिर्फ नरेंद्र मोदी के लिए बिना शर्त समर्थन दे रहा हूं। मनसे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, लेकिन उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा के लिए तैयार रहने को कहा। बता दें कि पिछले कई दिनो से राज ठाकरे महाराष्ट्र की एनडीए मे शामिल होने की रही संभावना जताई गई थी।

### सीएम केजरीवाल जेल में ही रहेंगे बंद

दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी कब गिरफ्तार होगा। ये ईडी तय करेगी न कि आरोपी या अदालत। इसके साथ ही कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी और फिर ईडी रिमांड को असंवैधानिक बताया था। प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने केजरीवाल को एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरगना बताया है। केजरीवाल पहले ईडी की हिरासत में रहे। बाद में राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक अप्रैल को केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था। उनकी गिरफ्तारी का आज 20वां दिन है। संजय सिंह की रिहाई के बाद आप को अब हाईकोर्ट से बड़ी उम्मीद है। इधर, के. कविता को भी आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने के. कविता को 23 अप्रैल तक फिर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने कोर्ट में दलील थी कि अभी हिरासत की जरूरत है. उनकी भूमिका को स्पष्ट किया जा रहा है। इससे पहले 27 मार्च को ट्रायल कोर्ट ने के. कविता को 9 अप्रैल तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। इससे पहले वे 10 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में थीं। एक दिन पहले ही के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा था। कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने अपने नाबालिग बेटे की स्कूल परीक्षाओं को आधार बनाकर अंतरिम जमानत मांगी थी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने उत्तर पूर्वी दिल्ली इलाके के निगम और राज्य सरकार के स्कूलों की हालत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल खुल गई है और यह उनके पापों की सजा है इसलिए वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली की सरकार और निगम की सरकार में दिल्ली के 16 लाख बच्चे जर्जर हालत वाले स्कूल में पढ़ रहे हैं, टूटे डेस्क हैं, टूटे क्लासरूम हैं और टॉयलेट की हालत भी खस्ता है, पीने का पानी नहीं है और शिक्षक नहीं हैं।

# मस्क ने पाया खोया रुतबा, जुकरबर्ग से आगे निकले, अंबानी 11वें स्थान पर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कभी दुनिया सबसे अमीर शख्स रहे एलन मस्क अरबपतियों की लिस्ट में तीन नंबर पर फिर से पहुंच गए हैं। शुक्रवार को मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन्हें चौथे स्थान पर ढकेल दिया था। इसके अलावा मुकेश अंबानी 11वें स्थान पर पहले से और मजबूत हुए हैं, जबकि 14वें नंबर पर काबिज गौतम अदाणी पहले से कमजोर हुए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट टॉप-10 के नौ अमेरिका के अरबपतियों पर भारी हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं और उनके पास 226 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। इस साल इन्होंने 18.4 अरब डॉलर कमाए। दूसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इस साल अब तक 30.60 अरब डॉलर से अधिक कमाने वाले बेजोस के पास 207 अरब डॉलर की संपत्ति है।

### खास बातें

- मस्क ने शुक्रवार को खोया हुआ रुतबा फिर सोमवार को प्राप्त किया
- अरबपति एलन की दौलत में सोमवार को 5.78 अरब डॉलर का इजाफा हुआ



### मस्क की संपत्ति हुई 186 अरब डॉलर

*एलन मस्क फिर से तीसरे स्थान पर हैं। सोमवार को उनकी दौलत में 5.78 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और इसके उलट मार्क जुकरबर्ग की दौलत में 2.77 अरब डॉलर की कमी आई। नतीजा यह हुआ कि मस्क का शुक्रवार को खोया हुआ रुतबा सोमवार को वापस मिल गया। वह फिर से 186 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए।*

### जुकरबर्ग 184 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर



दुनिया के अमीरों की लिस्ट में बहुत तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रहे मार्क जुकरबर्ग 184 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर हैं। इस साल अब तक जुकरबर्ग ने अपनी संपत्ति में 56.1 अरब डॉलर जोड़ा है।

### अदाणी हुए कमजोर, अंबानी मजबूत

सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई तेजी और अदाणी ग्रुप के अधिकतर स्टॉक्स में गिरावट की वजह से दोनों ग्रुप के मालिकों के नेटवर्थ पर असर पड़ा है। अदाणी सोमवार को एक अरब डॉलर गंवाकर 14वें नंबर पर थोड़े कमजोर हुए हैं। दूसरी ओर मुकेश अंबानी अपने नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर जोड़कर 11वें स्थान पर मजबूत हुए हैं। मुकेश अंबानी की कुल दौलत 114 अरब डॉलर और अदाणी की 103 अरब डॉलर है।





## बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

# पुलिस ने शिकायतकर्ता तीन अधिकारियों को भेजा समन



मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने एनआईए टीम पर हमले के मामले में एनआईए के दो अधिकारियों को समन जारी किया है। इसमें पुलिस ने हमले की शिकायतकर्ता दोनों अधिकारियों और हमले में घायल हुए एक अधिकारी को भी बुलाया है।

हमले में घायल अधिकारी को बतौर गवाह बुलाया गया है। घायल अधिकारी को अपने मेडिकल दस्तावेज भी लाने को कहा गया है। पुलिस ने एनआईए अधिकारियों को हमले में क्षतिग्रस्त हुई कार को भी लाने को कहा है। अधिकारियों को 11 अप्रैल को पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है।

### साथ ही ग्रामीणों को भेजा समन

भूपतिनगर पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारियों ने एनआईए टीम पर हमले के मामले में तीन ग्रामीणों को भी समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ग्रामीणों को अगले दो से तीन दिनों के भीतर पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची एनआईए

एनआईए ने बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की एफआईआर को रद्द कराने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। एनआईए ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। एनआईए ने बंगाल पुलिस की किसी भी कार्रवाई से बचाव की भी अपील की है।

### एनआई के कोलकाता एसपी दिल्ली पहुंचे

एनआईए कोलकाता के एसपी डीआर सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र तिवारी के बीच कथित मुलाकात को लेकर जारी विवाद के बीच एसपी सिंह दिल्ली पहुंचे। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों ने कहायह एक 'नियमित' दौरा था, न कि 'वापसी' आदेश। अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी में सीटों का बंटवारा तय

**कांग्रेस को यहां 17 सीटें मिलीं**

# शिवसेना के उद्धव गुट को मिलीं सबसे अधिक 21 सीटें तो राकांपा को मात्र 10

### एमवीए ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में किया इसका ऐलान

मुंबई हलचल / मुंबई

महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल हो गई है। सीटों के बंटवारे की घोषणा महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दलों की सहमति से मंगलवार को की गई है।

सबसे ज्यादा 21 सीटें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी की ओर से सीटों के बंटवारे की जानकारी मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी गई है। इस मौके पर राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले उपस्थित थे। बंटवारे के अनुसार शिवसेना यूबीटी 21, कांग्रेस पार्टी 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।




### कांग्रेस को अकोला, अमरावती, नागपुर समेत मिलीं ये सीटें

कांग्रेस पार्टी नंदुरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा गोंदिया, गढ़चिरौली चिमूर, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई उत्तर मध्य, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर, रामटेक, उत्तर मुंबई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राकांपा (एसपी) बारामती, शिरूर, सतारा, डिंडोरी, माधा, रावेर, अहमदनगर, बीड, वर्धा, भिवंडी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसी तरह शिवसेना (यूबीटी) बुलढाणा, यवतमाल, मावल, सांगली, हिंगोली, संभाजीनगर, धाराशिव, शिरडी, नासिक, रायगढ़, सिंधुदुर्ग, ठाणे, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई साउथ, कल्याण, हातकणंगले, पालघर, जलगांव, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई दक्षिण मध्य, परभणी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### आखिरकार सहयोगी दलों से बनी सहमति

शरद पवार ने बताया कि सीटों का बंटवारा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से हुआ है। सभी दलों के नेता साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीटें जीतने की प्राथमिकता है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महाराष्ट्र से संबंधित मुद्दों को जोड़ा जाएगा और महाविकास आघाड़ी के सहयोगी पक्ष साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में महंगाई, बेरोजगारी, युवकों की समस्याएं, आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्या को चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। हम किसी पर निम्न स्तर की आलोचना नहीं करेंगे, लेकिन अगर किसी ने की तो उसका जवाब दिया जाएगा।

### एमवीए के प्रमुख नेता रहे मौजूद

राकांपा (शरद गुट) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने संवाददाता सम्मेलन में सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले का ऐलान किया। उनका सामना भाजपा, एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और अजित पवार वाली एनसीपी से होगा। राज्य में 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में वोट पड़ेंगे।

## अरुणाचल प्रदेश में रैली कर राजनाथ सिंह ने चीन को सुनाई खरी-खरी


# कोई अगर भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाएगा तो देश जवाब देने में सक्षम

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 9 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने चीन के दावे पर जमकर बयान कसा। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आगामी चुनावों से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जाएंगे?

रक्षा मंत्री ने कहा कि चीन को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि वे राज्य में स्थानों के नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि ऐसी हरकतों से भारत और चीन के रिश्ते खराब होंगे। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है।



*भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग*

### चीन का मूर्खता वाला कदम

भारत ने इस महीने की शुरुआत में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कुछ जगहों का नाम बदलने को 'मूर्खतापूर्ण' बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था और कहा था कि ऐसा करने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। बता दें, कुछ दिनों पहले चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में तथाकथित 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की एक सूची जारी की। चीन ने जिन 30 स्थानों का नाम बदला उनमें 12 पहाड़, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा, 11 आवासीय क्षेत्र और जमीन का एक टुकड़ा शामिल है।

### जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी

सिंह ने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। भारत के लिए आत्मसम्मान सबसे बड़ी बात है। लेकिन अगर कोई हमारे आत्म-सम्मान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो हम उसे माफ नहीं करेंगे। भारत उचित जवाब देने की क्षमता रखता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी।

### एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं होगा

*सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को सीमावर्ती क्षेत्रों को विकसित करने में कभी दिलचस्पी नहीं थी और परिणामस्वरूप, देश ने अपने क्षेत्र का लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा पड़ोसी देश के हाथों खो दिया। सिंह ने रैली में कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भारत अब अपने पड़ोसी को एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं करने देगा।*

### नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई



चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में छापा मारा है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ ईडी अधिकारी राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने सादिक और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के लिए इस एनसीबी मामले और कुछ अन्य एफआईआर का संज्ञान लिया है। एनसीबी ने कहा है कि सादिक के तमिल और हिंदी फिल्म फाइनेंसरों के साथ संबंध, कुछ हाई-प्रोफाइल लोग और राजनीतिक फंडिंग के कुछ उदाहरण इसकी जांच के दायरे में थे। सादिक को फरवरी में सत्तारूढ़ द्रमुक ने निष्कासित कर दिया था।

## रूस ने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की मशीनरी भारत भेजी

# एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक ऑफ करेंगे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रतिकूल मौसम में भी विमानों के निर्बाध एवं सुरक्षित उड़ान के लिए अंतर-राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगने वाले आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) की मशीनरी मंगलवार सुबह रूस से कुशीनगर पहुंच गई। आईएलएस के पहुंचने के बाद अब एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक ऑफ कर सकेंगे।

1 प्रतिकूल मौसम में निर्बाध उड़ान की बाधा समाप्त

2 अंतरराष्ट्रीय उड़ान में कोई बाधा नहीं आएगी



### कुशीनगर एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर आ जाएगा

#### ऑटो मोड में काम करता है

*एयरपोर्ट पर आईएलएस और डीबीओआर (डापलर वेरी ओमनी रेंज) लगा न होने से नियमित उड़ान से घरेलू विमानन कंपनियां रुचि नहीं ले रही थी। आईएलएस विमानों के ऑटो मोड में लैंडिंग और टेक ऑफ कराता है।*

#### विशेषज्ञों की टीम पहुंची

*एयरपोर्ट अधिकारियों की देखरख में पार्ट्स को सुरक्षित तरीके से अनलोडिंग कराई गई। आईएलएस को इंस्टाल करने के लिए विशेषज्ञ की टीम भी आ गई है। इंस्टाल करने में चार माह का समय लगने की बात कही जा रही है।*

#### अगस्त तक सभी कार्य पूरे होंगे

*एयरपोर्ट निदेशक आरपी लंका ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षित विमान संचालन सुनिश्चित करने के सर्वोपरि उद्देश्य को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक ग्राउंड नेविगेशनल सिस्टम स्थापित करने का कार्य चल रहा है। अगस्त माह तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।*

# हजरत बिलाल मस्जिद भौआरा में तरावीह में पवित्र कुरान की समाप्ति के अवसर पर प्रार्थना सभा और उपदेश का आयोजन किया गया

## जिन पर अल्लाह तआला की कृपा होती है वे कुरान के संरक्षक बन जाते हैं: मुफ्ती रूहिल्ला साहब कासमी उपाध्यक्ष जमीयत उलमा मधुबनी बिहार

**मुंबई हलचल/सलाम आजाद**

**मधुबनी।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर आज मधुबनी एवं भौआड़ा के विभिन्न मस्जिदों में नमाज एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कुरान पाठ एवं प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया हजरत बिलाल मस्जिद मुहम्मद सआदत हुसैन, इस्लामिया जामे मस्जिद मे मुहम्मद नजीब, मुहम्मद मावूद, जमात अहल हदीस जामा मस्जिद मे, मुहम्मद शाकिब, सैफुल्लाह, अब्दुल गनी जामा मस्जिद मे, मुहम्मद वकील, मुहम्मद शमीम, स्टेडियम अहल हदीस जामा मस्जिद मे, मुहम्मद आमीर, सैफुल्लाह और अन्य विद्वान ने खिताब क्या हजरत बिलाल मस्जिद में मजलिस को संबोधित कर रहे थे, जमीयत उलमा के उपाध्यक्ष मुफ्ती रूहुल्लाह साहब ने लोगों से कुरान के आदेशों का पालन करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा जिन पर अल्लाह की कृपा होती है वे कुरान के संरक्षक बन जाते हैं। दुनिया में अनगिनत किताबें हैं लेकिन पूरी किताब का संरक्षक कोई नहीं है यह कुरान का एकमात्र चमत्कार है जो हर किसी के सीने में पूर्ण है सबसे छोटे छात्र से लेकर कमजोर बूढ़े दोस्त तक यह कहना सुरक्षित है कि कुरान के आरंभ और अंत में प्रार्थना का आदेश दिया गया है इस समुदाय ने दुआ मांगी और स्वीकार करने का वादा किया इसीलिए एक मुसलमानों के लिए दुआ का महत्व और लाभ बहुत अधिक हैं अल्लाह सर्वशक्तिमान के सामने जोर से दुआ करें इन दुआओं में अल्लाह से यह कहकर प्रार्थना की गई कि हे अल्लाह उम्मत मोसललामा में एकता और सद्भाव पैदा करें और संसार में बसने वाले प्रत्येक इंसान को उनकी वित्तीय, राजनीतिक, सामाजिक



और धार्मिक गतिविधियों में मार्गदर्शन प्रदान करें और उम्मत मोसललामा की परेशानियों में मदद करें, उम्मत को अपने अहकामात और हमारे प्यारे पैगंबर मुहम्मद साहब के नक्शेकदम पर चलने वाला बना दे मुस्लिम होने के बावजूद हम आपके क्रोध और क्रोध के अधीन हैं अल्लाह हम पर दया करें उन्होंने कहा यह रमजान का महीना है जिसमें पवित्र कुरान प्रकट हुआ था और शबे कद्र जैसी सबसे महत्वपूर्ण रातों पर आशीर्वाद दिया गया इस महीने में रमजान की सभी रातें मुबारक होती हैं और हर रात पर रहमतें बरसती हैं लेकिन इस महीने में शबे कद्र की रात इस पवित्र महीने के आखिरी दशक की रोशन रातों में छिपी होती है क्या बात है।

यह रात बहुत ही रहम और बरकत वाली है इस रात में नेक काम कबूल किये जाते हैं गुनाह माफ किये जाते हैं गुनाहगारों की तौबा कबूल की जाती है और अल्लाह के यहां उसकी कद्र की जाती है तकमील कुरान पाक के मौका पर विशेष रूप से शामिल होने वालों में मौलाना सैफुल्लाह नौमानी, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना मुस्तफा वकाश, मौलाना जलालुददीन मिफताही, मौलाना कफील असरी, हाफिज सगीर मदनी, मौलाना फजलुललाह सलफी, मो साजिद अबुल कलाम आजाद बुक स्टोर्स, मो शाकिर अबुल कलाम आजाद, हाफिज मुमताज इमाम हजरत बिलाल मस्जिद, मौलाना अनिसुररहमान इसलामी, सद्दाम हुसैन, मौलाना अखलाक असरी, मौलाना शकील अहमद इस्लामी, हाफिज अब्दुल्लाह फलाही, नुमाइंदा मो सालिम अबुल कलाम शकील इमानी, मास्टर जावेद अबुल कलाम आजाद, समेत काफी तादाद मे लोग शामिल थे।

# सरकार ने कहा, चने के उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं, एमएसपी पर खरीद शुरू

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि उसने कीमतों पर नियंत्रण रखने तथा अपनी कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरण करने की मंशा रखने वाले राज्यों की मांग को पूरा करने के मकसद से बफर स्टॉक बनाने को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना खरीदना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि चने की पैदावार बरकरार है और 'फिलहाल उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं है। इस बीच, राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि व्यापारियों, आयातकों और मिल मालिकों को जमाखोरी और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए 15 अप्रैल से प्रभावी नियम के तहत दालों के अपने स्टॉक की स्थिति की घोषणा करनी चाहिए।

## सीमा शुल्क को लेकर आज बैठक

खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीमा शुल्क में पड़ी आयातित दालों के मुद्दे पर आयातकों, व्यापारियों, सीमा शुल्क और राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक बुलाई है।

- कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया उत्पादन को लेकर चिंता नहीं
- व्यापारियों को 15 अप्रैल से अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी
- चने के लिए एमएसपी 5,440 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया



## राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढ़ी

सचिव ने कहा कि केंद्र खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर रहा है और झारखंड जैसे गैर-पारंपरिक दाल उत्पादक राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढ़ने के साथ सचिव ने कहा कि अब उपलब्धता के मामले में बफर स्टॉक पर दबाव है।

## आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें हुई नरम

खरे ने कहा, 'चने की फसल की आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें नरम हो गई हैं और एमएसपी स्तर पर पहुंच गई हैं। हमने अभी खरीद अभियान शुरू किया है।' सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए बाजार में जारी की जाने वाले दालों के स्टॉक को बनाए रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) योजना के हिस्से के रूप में चने की खरीद का कार्य कर रही हैं।

## 16 राज्य चना ले रहे

पहले बमुश्किल 3-4 राज्य ही कल्याणकारी योजनाओं के लिए बफर स्टॉक से चना लेते थे। अब, 16 राज्य सरकारें पोषण सुरक्षा को पूरा करने के लिए चने का बफर स्टॉक ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे चार और राज्यों ने चने के लिए अनुरोध किया है।

## 10 लाख टन कच्चे चने का बफर स्टॉक

विभाग के अनुसार, पीएसएस के तहत कृषि मंत्रालय द्वारा खरीदा गया लगभग आठ लाख टन कच्चा चना अक्टूबर, 2022 से राज्य सरकारों द्वारा रियायती दर पर खरीदा गया है। वर्तमान में, सरकार के पास पीएसएफ के तहत खरीदे गए 10 लाख टन कच्चे चने का बफर स्टॉक है।

## उत्पादन 121 लाख टन से कम आंका गया

सचिव ने कहा कि चने के उत्पादन के बारे में कोई बड़ी चिंता नहीं है। कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि फसल की पैदावार में कमी नहीं आई है, भले ही फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए कुल चना उत्पादन 121 लाख टन से थोड़ा कम आंका गया है। जबकि पिछले वर्ष कुल चना उत्पादन 122 लाख टन था। खरे ने कहा कि गुजरात में हाल ही में किए गए फसल काटने के प्रयोगों से संकेत मिलता है कि चने की पैदावार बरकरार है और मंडियों में आवक बढ़ रही है, जिससे कीमतें नरम होकर एमएसपी स्तर पर आ गई हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना करेंगे ये काम तो कभी नहीं होंगे Dark Circle



***आंखों के नीचे काले घेरे आमतौर पर कम सोने, कंप्यूटर पर देर रात तक काम करते रहने, शारीरिक कमजोरी, अधिक थकावट होने या किसी बीमारी की वजह से होते हैं। इससे चेहरे का अट्रैक्शन खत्म हो जाता है। यही कारण है कि आंखों के नीचे के काले घेरों से अधिकांश लड़कियां परेशान रहती हैं। यूं भी आंखों के ऊपर और नीचे की त्वचा चेहरे के अन्य हिस्सों के मुकाबले नाजुक और पतली होती है। इसके अलावा आंखों के नीचे मॉइस्चराइजर ग्रंथियां भी नहीं होती। वैसे भी त्वचा के इस हिस्से पर उम्र, तनाव और लापरवाही का प्रभाव जल्दी पड़ता है।***

**ऐसे करें बचाव**

1. आंखों की सुंदरता के लिए कम से कम आठ घंटे जरूर सोए। मगर इस बात का भी ध्यान रखें की जरूरत से ज्यादा सोने पर भी आंखों के नीचे काले घेरे पड़ जाते हैं।

2. आंखों की त्वचा बहुत नाजुक होती है इसलिए उसकी केयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। आंखों की सुंदरता को बनाएं रखने और डार्क सर्कल की समस्या से बचने के लिए आंखों के नीचे हल्के-हल्के हाथों से मसाज करें।

3. अधिक तेज या कम रोशनी में पढ़ाई-लिखाई या अन्य काम ना करें। इसके साथ ही लगातार कंप्यूटर पर काम करने से बचें।

4. अधिक तली और मसालेदार चीजों का सेवन ना करें और दिन में लगभग 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पीएं।

5. आंखों के आस-पास गहरा मेकअप ना करें। यह आंखों को काफी हद तक नुकसान पहुंचता है। सोने से पहले मेकअप जरूर उतार लें।

6. आंखों के आस-पास ब्लीच ना करें। इससे आंखों को कोमल त्वचा लटक जाती है।

**ऐसे दूर करें आंखों के काले घेरे**

1. कच्ची हल्दी को दूध में घिस पर उसमें थोड़ा-सा शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। रात को सोने से पहले इसे आंखों के नीचे काले घेरो पर लगाकर सो जाएं। सुबह चेहरा धो लें। कुछ ही दिन में यह समस्या दूर हो जाएगी।

2. आलू को पीसकर इसे आंखों के नीचे हल्के हाथों से मलें। ऐसा नियमित रूप से करने पर काले घेरे दूर हो जाते हैं।

3. आधा चम्मच खीरे का रस, दो बूंद शहद, दो बूंद आलू का रस एवं दो बूंद बादाम का तेल अच्छी तरह मिला लें। इसे रूई से आंखों के नीचे लगाने से यह समस्या दूर होती है।

4. एक बादाम को रातभर दूध में भिगोएं। सुबह बादाम को घिसें तथा इसे काले घेरों लगाकर सूखने दें।

5. एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच खीरे का रस अच्छी तरह से मिला लें। कॉटन से आंखों के नीचे नियमित लगाने से यह समस्या दूर होती है।

6. शहद और बादाम के तेल को समान मात्रा में लेकर अच्छी तरह से मिला लें। इससे भी आंखों के नीचे पड़े डार्क सर्कल से राहत मिलीती है।

# झड़ते बालों से परेशान है तो लगाएं ये होममेड हेयर मास्क

लड़कियां चाहती हैं कि उनके बाल मजबूत और घने हो। अधिकतर लड़कियों के बालों का टेक्सचर तो अच्छा होता हैं लेकिन कुछ अपने झड़ते व पतले बालों से परेशान होती हैं। ऐसे में चिंता अधिक होती हैं क्योंकि बालों से ही औरत की पहचान होती हैं। बाल ही औरत का असली श्रृंगार भी माने जाते हैं। अगर आप भी अपने बालों को मजबूत, घने व लंबे बनाना चाहती है तो आज हम आपको एक घरेलू हेयर मास्क बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आपकी बालों को लेकर सारी टेंशन खत्म हो जाएगी।

**मास्क बनाने का तरीका**

- 2 टेबलस्पून अदरक पाऊडर
- 1 टेबलस्पून संतरे के छिलको का पाऊडर



- जरूरत अनुसार कैस्टर ऑयल

**मास्क बनाने व लगाने का तरीका**

बाउल में अदरक पाऊडर और संतरे के छिलको का पाऊडर डालें। फिर इसमें कैस्टर ऑयल डालकर अच्छे मिक्स करके पेस्ट तैयार करें। अब इस मास्क को अपने बालों के स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं और 2 घंटे से पहले ही बालों को धो लें।

**कैसे काम करता है यह हेयर मास्क**

इस मास्क में इस्तेमाल होनी वाली सामग्री के अलग-अलग फायदे है जो बालों को मजबूत, घने बनाने में मददगार है।

**अदरक**

अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को खत्म कर बालों के रोम को भी मजबूत बनाते हैं।

**कैस्टर ऑयल**

कैस्टर ऑयल में बालों की ग्रोथ बढ़ाने वाले गुण मौजूद होते हैं। यह गुण बालों के रोम को मजबूत बनाकर उनकी ग्रोथ बढ़ाने में मदद करते हैं।

**संतरे के छिलके का पाऊडर**

यह डैंड्रफ को दूर करके बालों के रोम का स्ट्रांग बनाने का काम करता हैं।



# शुगर हो या ब्लड प्रेशर, हर बीमारी का इलाज हैं आम के पत्ते

आम हर किसी का पसंदीदा फल है। बच्चे हो या बूढ़े हर कोई इसको बड़े ही शौक से साथ खाता है। मगर क्या आप जानते हैं आम ही नहीं इसके पत्ते भी किसी औषधि से कम नहीं हैं। इसके पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट गुण, विटामिन ए,बी और सी होता है जो अच्छे स्वस्थ के लिए बहुत फायदेमंद है। आज हम आपको आम की पत्तियों को सेवन करने का तरीका और इससे होने वाले फायदों के बारे में बताएंगे।

**इस तरह करें आम की पत्तियों का इस्तेमाल**

- छोटी आकार वाली पत्तियों को अच्छे से धोने के बाद छोटे टुकड़ों में काटकर चबाना सेहत के लिए अच्छा होता है।
- इसके अलावा आम के पत्तों को रात भर गुनगुने पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट वह पानी पी सकते हैं।
- आप चाहें तो आम की पत्तियों को धूप में सुखा कर इसका पाउडर बनाकर भी खा सकते हैं। रोजाना इसको पानी के साथ लेने से आपको कई फायदे होंगे।

आम की पत्तियों को खाने से होंगे ये लाभ

**1. शुगर कंट्रोल करें कंट्रोल**

अगर आप शुगर के मरीज है तो आम के पत्तों को सेवन करें। आम के पत्तों को सुखाकर उसका एक पाउडर बना लें। फिर रोजाना 1 चम्मच खाएं। इससे धीरे-धीरे आपका शुगर लेवल कंट्रोल में होने लगेगा।

**2. ब्लडप्रेशर की समस्या करे दूर**

आपको जानकर हैरानी होगी की आम के पत्तों से ब्लडप्रेशर की समस्या दूर होती है। आम के पत्ते को उबाल लें। नहाने वाले पानी में आम के पत्ते डाल कर नहाएं। इससे आपको ब्लडप्रेशर की समस्या से निजात मिलेगा।

**3. अस्थमा से दिलाएं राहत**

अस्थमा रोगियों के लिए आम के पत्तों का काढ़ा किसी औषधि। रोजाना ये काढ़ा पीने से आपको अस्थमा से राहत मिलेगी।

# जानिए, क्यों अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कार्बोहाईड्रेट की सही मात्रा

अपने भोजन में कार्बोहाईड्रेट युक्त चीजें न लेना आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। अध्ययन के अनुसार इनकी सीमित मात्रा शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होती है। इसका कम या ज्यादा लेना सेहत पर असर डाल सकता है। अध्ययन में पाया गया है कि जरूरत से ज्यादा और जरूरत से कम कार्बोहाईड्रेट खाना सेहत के लिए नुक्सानदायक हो सकता है। वहीं अध्ययन की मानें तो सीमित मात्रा में कार्बोहाईड्रेट 50 से 55 प्रतिशत लेना सेहत के लिए अच्छा है। जो लोग 40 प्रतिशत से कम कार्बोहाईड्रेट और 70 प्रतिशत से ज्यादा कार्बोहाईड्रेट लेते हैं ऐसे लोगों में जल्द मृत्यु का खतरा ज्यादा होता है। हॉवर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ ने 15,400 लोगों पर अध्ययन किया है जिसमें पाया गया कि जो लोग अपनी डाइट में बहुत ज्यादा कार्बोहाईड्रेट ले रहे थे, उनकी सेहत खराब पाई गई।




**सीमित मात्रा में भरपूर पोषक तत्वों के साथ लें संतुलित आहार**

लांसेट पब्लिक जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में 45 से 64 साल की उम्र के 15,528 लोगों को शामिल किया गया था और उन पर 25 सालों तक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के दौरान करीब 6,283 लोगों की मौत हो गई इसलिए सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है कि हम सीमित मात्रा में भरपूर पोषक तत्वों के साथ संतुलित आहार लें। आपको बता दें कि खाना जैसे व्हाइट ब्रैड और व्हाइट राइस में शुद्ध कार्बोहाईड्रेट्स की मात्रा होती है। कार्बोहाईड्रेट्स चर्बी की अपेक्षा शरीर में जल्दी पच जाते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# जान्हवी बॉयफ्रेंड से कर रहीं शादी!

**बोनी कपूर** की बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर कभी प्रोफेशनल तो कभी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हालांकि, इस बार जान्हवी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। जान्हवी कपूर बिजनेसमैन और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम सुशील कुमार शिंदे के पोते शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। बीच में दोनों के ब्रेकअप की खबरें भी सामने आई थी, लेकिन अब कंफर्म हो गया है कि दोनों एक-दूसरे के साथ हैं। बता दें, जान्हवी कपूर हाल ही में पापा बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'मैदान' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस ने व्हाइट पैंटसूट के साथ एक कस्टमाइज्ड नेकलेस पहना था, जिसने सारा ध्यान खींचा। इस नेकलेस में जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का वो नाम लिखा था, जिससे जान्हवी उन्हें प्यार से बुलाती हैं। जान्हवी के नेकलेस में 'शिक्खू' लिखा है, जिसे देखकर फैंस उनके रिलेशनशिप को लेकर कंफर्म हो गए हैं। जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया को लेकर एक इंटरव्यू में बोनी कपूर ने भी खुलकर बात की थी। उस दौरान बोनी ने शिखर की तारीफों के पुल बांध दिए थे। ऐसे में ये साफ है कि बोनी को बेटी जान्हवी और शिखर के रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं है। ये देखने के बाद फैंस को उनकी शादी का इंतजार है और वो जल्द ही जान्हवी को शिखर की दुल्हनिया बनने की उम्मीद कर रहे हैं।

बाघिन में अग्नि का किरदार निभाने वाले एक्टर ने किया खुलासा

# सार्थक भूमिकाओं के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं कृप सूरी

**मुंबई।** अपने काम के प्रति अपने प्यार और जुनून पर बात करते हुए एक्टर कृप सूरी ने कहा, टेलीविजन पर काम करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। मुझे टेलीविजन में प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ सहयोग करने का सौभाग्य मिला है और वर्षों से असाधारण परियोजनाओं का हिस्सा बनने का भी मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं वेब शो और अन्य परियोजनाओं जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट में व्यस्त रहा, हो सकता है कि महत्वपूर्ण टेलीविजन भूमिकाएं हासिल करने के लिए यह समय अनुकूल न हो। कृप ने कहा, वह लगातार सार्थक भूमिकाओं के लिए उत्सुक रहते हैं। बता दें कि कृप फुलवा, उतरन, लाल इश्क और फनाः इश्क में मरजावां जैसे टीवी शो का हिस्सा रहे हैं।



## मजबूत किरदार के साथ लौटा हूं

कृप सूरी ने कहा, अब जब मैं शो बाघिन के साथ एक मजबूत किरदार के रूप में लौट आया हूं तो मैं इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों को एक संदेश देना चाहता हूं। मैं उनसे भूमिकाओं के लिए मेरे बारे में विचार करने का आग्रह करता हूं क्योंकि मैं अपनी टेलीविजन यात्रा जारी रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। एक्टर ने आगे कहा, यह वह माध्यम है जो मेरे लिए सबसे अधिक महत्व रखता है, और मैं इसका अभिन्न अंग बने रहने के लिए तैयार हूं। यह शो अनेरी द्वारा निभाए गए किरदार गौरी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक साधारण लड़की है जो वीर (जीशान खान) से प्यार करती है, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उसे वीर के भाई देवा (अंश बागरी) से शादी करनी पड़ती है।



# नया अवतार रहा दिल जीतने में कामयाब

**मुंबई।** अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' में सोनाक्षी सिन्हा का अवतार भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहा। भंसाली की ये वेब सीरीज बहुत जल्द ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसी बीच सामने आए गाने तिलस्मी बाहें जो सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया है, जिसे देखकर उनके रुमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल ने 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' के गाने 'तिलस्मी बाहें' में एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। इंस्टाग्राम पर जहीर ने 'तिलस्मी बाहें' का वीडियो शेयर किया और तारीफ करते हुए पोस्ट में लिखा, "कुछ चीजें इतनी इंस्पाइरिंग होती हैं कि कहानी बन जाती हैं। अपनी बात आगे रखते हुए जहीर ने लिखा, यहां किसी चीज और किसी व्यक्ति की पोस्ट है, जो मुझे प्रेरित करती है। मतलब, बस इसे देखो यार कमाल सच में मतलब सच में बस वाह, वाह। फरीदन कातिल तिलस्मी का मतलब जादू यानी तुम सोनाक्षी।" बता दें कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'हीरामंडी' का यह दूसरा गाना है, जो सामने आया है। लोगों ने इस गाने को काफी पसंद किया था। जहीर के पोस्ट पर सोनाक्षी ने कमेंट सेक्शन में इमोशनल इमोजी शेयर किया। अदिति राव हैदरी ने लाल दिल वाला इमोजी पोस्ट किया।

# ओटीटी पर इस हफ्ते एंटरटेनमेंट का लगेगा तड़का

नई दिल्ली। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो और अन्य जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।मनोरंजन के शौकीन दर्शकों के लिए यह सप्ताह एंटरटेनमेंट से भरा रहने वाला है। हर भाषा और हर जॉनर की फिल्में आपको हफ्ता शानदार बनाने के लिए आ रही है। इस सप्ताह ओटीटी प्लेटफार्मों पर रिलीज होने वाली वेब सीरीज और मूवीज ये हैं।

## ये सीरीज-फिल्में होंगी रिलीज

### अमर सिंह चमकीला

इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म लोकप्रिय पंजाबी गायक के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है, जिन्हें पंजाब के एल्विस के नाम से भी जाना जाता था। यह फिल्म 12 अप्रैल 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



### लाल सलाम

'लाल सलाम' जो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अच्छा प्रदर्शन किया था। फिल्म में विष्णु विशाल, विक्रांत और सेंथिल मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही सुपरस्टार रजनीकांत एक विस्तारित कैमियो में नजर आए। वेबसाइट बिंगेड के मुताबिक, फिल्म 12 अप्रैल को सन एनएक्सटी पर रिलीज होगी।



### प्रेमलु

'प्रेमलु' सचिन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दो संभावित रोमांटिक पार्टनर्स के बीच फंस जाता है और इससे जटिलताएं पैदा होती हैं। फिल्म में संगीत प्रताप, श्याम मोहन एम, मीनाक्षी रवींद्रन, अखिला भार्गवन, अल्थफ सलीम, मैथ्यू थॉमस के साथ नसलेन के गफूर और ममीथा बैजू मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म कथित तौर पर 12 अप्रैल को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

### गामी

'गामी' एक अघोर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी स्पर्श भुखमरी का इलाज खोजने के लिए हिमालय में एक साहसिक यात्रा पर जाता है। इसमें विश्वक सेन के साथ चांदनी चौधरी, एम जी अभिनय, मोहम्मद समद, दयानंद रेड्डी, हरिका पेदादा, राम्या पसुपुलेटी, शांति राव, मयंक पारख, जॉन कोट्टोली, बोम्मा श्रीधर, रजनीश शर्मा, के आर उन्नीकृष्ण और बी वेंकट रमन राव मुख्य भूमिका में हैं। 'गामी' 12 अप्रैल को जी5 पर रिलीज होगी।

### पोन ओन्ड्रू कंडेन

'पोन ओन्ड्रू कंडेन' में अशोक सेलवन, ऐश्वर्या लक्ष्मी और वसंत रवि मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक शेफ, एक डॉक्टर और एक आम आदमी के बीच प्रेम त्रिकोण पर केंद्रित है। यह 14 अप्रैल को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

### स्पिरिट रेंजर्स एस3

कहानी अमेरिकी भाई-बहनों की तिकड़ी अर्थात कोडियाक, समर और एडी स्काईसेडर के इर्द-गिर्द घूमता है। ये भाई-बहन जूस नेशनल पार्क की सुरक्षा के लिए स्पिरिट रेंजर्स में बदल जाते हैं। यह शो दोस्ती, प्रकृति और मूल अमेरिकी संस्कृति के विषयों की भी पड़ताल करता है। यह नेटफ्लिक्स पर 8 अप्रैल 2024 को रिलीज हुई।